# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्वविद्यालय में निकाली गई भव्य तिरंगा रैली

दिनांक 10-08-2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 300 विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता तथा देश के प्रति नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया।

